माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :413/प्रवेश /MSU/2025–26 दिनांक : 09/09/25

प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के विश्वविद्यालय कैम्पस एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित सत्र 2025–26 स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) के सभी पाठ्यक्रमों (BPES, BPEd, BSc (PEHE&S), LL.M, Master of Law,M.P.Ed, M.Ed के अतिरिक्त) प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीकरण कराने की अन्तिम तिथि 10.09.2025 से 12.09.2025 तक विस्तारित की गई हैं, विश्वविद्यालय कैम्पस एवं समद्ध समस्त महाविद्यालय में प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर अपना प्रवेश हेतु दिनांक 10.09.2025 से 12.09.2025 तक रिक्त सीटों के सापेक्ष ऑनलाईन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। पंजीकरण करने के पश्चात् प्रवेशार्थी द्वारा पंजीकरण फार्म का स्वहस्ताक्षरित प्रिन्ट/फोटोप्रति एवं सम्बन्धित आवश्यक पत्राजात चयनित महाविद्यालय में दिनांक 13.09.2025 को जमा कराना अनिवार्य है। इसके पश्चात किसी भी दशा में पंजीकरण नहीं खोले जायेगें, तथा अभ्यर्थी कैम्पस में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में रिक्त सीटों के सापेक्ष दिनांक 15.09.2025 से 16.09.2025 तक प्रवेश सम्पुष्ट कराना सुनिश्चित करें।

अतः इस सम्बन्ध में स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) में प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर अपना प्रवेश हेतु व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धित विवरण दिनांक 12.08.2025 तक ऑनलाईन पंजीकरण में सुधार/संशोधन करना सुनिश्चित करें।

प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
04. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
07. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
08. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
09. गार्ड फाईल।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक